महत्वपूर्ण लोकेशन के आवासीय/व्यवसायिक भूखण्डो का आबंटन निगम भिलाई द्वारा

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत विभिन्न प्रकार के आवासीय/व्यवसायिक योजनाओ से संबंधित भूखण्डो को लीज हेतु निविदा जारी किया गया है। भिलाई शहर में स्थित आवासीय/व्यवसायिक योजनाओ के भूखण्डो का लीज 30 वर्षो के लिए रखा गया है। जिसमे इच्छुक निविदाकार अपने पसंद के भूखण्डो के अनुसार निविदा में अपनी दर प्रस्तुत कर सकते है। भूखण्डो का लीज निविदा आंनलाईन 26.09.2024 को समय प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हो जायेगा। जिसके लिए निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com पर भूखण्डो की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है। आवासीय/व्यवसायिक भूखण्ड खरीदने वालो के लिए यह एक अच्छा अवसर है। सीधे ऑनलाईन के माध्यम से आवासयी/व्यवसायिक प्लाट प्राप्त कर सकते है। सबका अनुबंध सीधे नगर निगम भिलाई से होगा। इसमें किसी प्रकार का अन्य तीसरी पार्टी नहीं होगी। शासन के नियमानुसार इच्छुक व्यक्ति प्लाट भूखण्ड खरीद सकता है, भूखण्ड सीमित है। समय अवधि में आंनलाईन सिस्टम के माध्यम से जुड़कर प्रक्रिया में भाग ले सकते है। पात्र निविदाकार को ऑक्शन के पूर्व अपने आईडी से ऑक्शन इनविटेशन एक्सेप्ट किया जाना होगा। जिसके पश्चात वे आंनलाईन ऑक्शन प्रक्रिया में भाग ले सकते है। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर ई-प्रोक्योरमेंट के टोल फ्री नम्बर 18004199140 एवं मोबाईल नम्बर 759504388, 9205305453 एवं ई-मेल आईडी helpdesk.cgeproc@mjunction.in पर संपर्क कर सकते है।